"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई. दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 486] रायपुर, सोमवार, दिनांक 1 अगस्त 2022 — श्रावण 10, शक 1944

श्रम विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

अटल नगर, दिनांक 10 जून 2022

अधिसूचना

क्रमांक एफ 10–4/2020/16. – बालक और किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 (1986 का सं. 61) की धारा 18 की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, छत्तीसगढ़ बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) नियम, 1993 में निम्नलिखित और संशोधन करती है, अर्थात् :–

संशोधन

उक्त नियमों में,–

1. नियम 1 के उप–नियम (1) में, शब्द ''बाल श्रमिक'' के स्थान पर, शब्द ''बालक और किशोर श्रम'' प्रतिस्थापित किया जाए।

2. नियम 2 में,–

(एक) खंड (क) के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात् :–

''(क) ''अधिनियम'' से अभिप्रेत है बालक और किशोर श्रम (प्रतिषेध और विनियमन), अधिनियम, 1986 (1986 का सं. 61);''

(दो) खंड (ख) के पश्चात्, निम्नलिखित अंतःस्थापित किया जाए, अर्थात् :–

''(खअ) ''निधि'' से अभिप्रेत है, अधिनियम की धारा 14ख की उप–धारा (1) के अधीन गठित बालक और किशोर पुनर्वास निधि;

(खब) ''निरीक्षक'' से अभिप्रेत है, अधिनियम की धारा 17 के अधीन राज्य सरकार द्वारा नियुक्त निरीक्षक;

(खस) ''नगरपालिका'' से अभिप्रेत है संविधान के अनुच्छेद 243थ के अधीन गठित स्वः– शासन की कोई संस्था;

(खद) ''पंचायत'' से अभिप्रेत है संविधान के अनुच्छेद 243ख के अधीन गठित पंचायत;

(खइ) ''बाल कल्याण समिति'' से अभिप्रेत है किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 (2016 का सं. 2) की धारा 27 के अंतर्गत गठित समिति तथा ''बाल संरक्षण समिति'' से अभिप्रेत है एकीकृत बाल संरक्षण योजना के अंतर्गत गठित समितियां;''

(तीन) खंड (ङ) के पश्चात्, निम्नलिखित अंतःस्थापित किया जाए, अर्थात् :–

''(ङअ) शब्द और अभिव्यक्तियां, जो इन नियमों में प्रयुक्त है और जो इसमें परिभाषित नहीं है, तथा अधिनियम में परिभाषित है, के वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम में उनके लिए समनुदेशित हैं।''

(चार) खंड (च) का लोप किया जाए।

3. नियम 2 के पश्चात्, निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात् :–

2अ. अधिनियम के उल्लंघन में बालकों और किशोरों के नियोजन के प्रतिषेध के संबंध में जागरूकता.– राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए कि अधिनियम के उपबंधों के उल्लंघन में बालकों और किशोरों को नियोजित न किया जाए या उन्हें किसी व्यवसाय या प्रक्रिया में कार्य करने के लिए अनुज्ञात न किया जाए, समुचित उपायों के माध्यम से,–

(क) लोक और पारंपरिक तथा जनसंचार, जिसमें दूरदर्शन, रेडियो, इंटरनेट और प्रिंट मीडिया शामिल है, का उपयोग करके, जनसामान्य, जिसमें बालकों एवं किशोरों, जिन्हें अधिनियम के उपबंधों के उल्लंघन में नियोजित किया गया है, के नियोक्ता शामिल है, को अधिनियम के उपबंधों के बारे में जागरूक करने हेतु लोक जागरूकता अभियान का प्रबंध करेगी और जिसके द्वारा नियोक्ताओं या अन्य व्यक्तियों को अधिनियम के उपबंधों के उल्लंघन में किसी व्यवसाय या प्रक्रिया में बालकों और किशोरों को नियोजित करने से हतोत्साहित करेगी;

(ख) अधिनियम के उपबंधों के उल्लंघन में बालकों या किशोरों के उद्यम या नियोजन की घटनाओं की, राज्य सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट प्राधिकारियों को रिपोर्ट करने के लिए संचार के आसानी से पहुंचे जा सकने वाले साधनों को विकसित और विज्ञापित करके संवर्धन करेगी;

(ग) संभव परिमाण तक अधिनियम के प्रावधानों, इन नियमों और उनसे संबंधित किसी अन्य सूचना को, रेल कोचों, रेलवे स्टेशनों, मुख्य बस स्टेशनों, टोल प्लाजा, पत्तनों और पत्तन प्राधिकरणों, विमानपत्तनों तथा अन्य लोक स्थानों, जिसके अंतर्गत शॉपिंग सेंटर, बाजार, सिनेमा हॉल, होटल, अस्पताल, पंचायत कार्यालय, पुलिस स्टेशन, आवासीय कल्याण संगम कार्यालय, औद्योगिक क्षेत्र, विद्यालय, शैक्षिक संस्थाएं, न्यायालय परिसर तथा इस अधिनियम के अधीन प्राधिकृत सभी प्राधिकारियों के कार्यालय सहित समस्त शासकीय संस्थानों में प्रदर्शित करेगी;

(घ) अधिनियम के प्रावधानों को सम्मिलित करते हुए समुचित विधि के माध्यम से विद्यालयीन शिक्षा में शिक्षण सामग्री और पाठ्यक्रम को संवर्धित करेगी; और

(ङ) अधिनियम के उपबंधों के अनुसार प्रशिक्षण को समाविष्ट करने और सामग्री के प्रति संवेदनशील बनाने तथा उसके प्रति विभिन्न हितधारकों के उत्तरदायित्व, राज्य श्रम विभाग, पुलिस, न्यायिक और सिविल सेवा अकादमियों, अध्यापक प्रशिक्षण और पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों का संवर्धन तथा अन्य सुसंगत हितधारकों, जिसके अंतर्गत पंचायत के सदस्य, चिकित्सक और सरकार के संबंधित कार्मिक शामिल हैं, के लिए संवेदनशील कार्यक्रमों का प्रबंध करेगी;

(च) नगरीय निकाय तथा विकासखण्ड स्तर पर बाल कल्याण समिति गठित की जाएगी, जिसमें संबंधित क्षेत्र के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, नगरीय निकायों के अधिकारी, श्रम निरीक्षक, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी तथा संबंधित क्षेत्र में कार्य करने वाले राज्य सरकार के अन्य अधिकारी सम्मिलित होंगे, जिनकी देखरेख में क्षेत्र में व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाएगा।

2आ. बालक के शिक्षा को प्रभावित किए बिना, कुटुंब की सहायता करना.–

(1) अधिनियम की धारा 3 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, बालक किसी भी रीति में अपनी विद्यालयीन शिक्षा को प्रभावित किए बिना;–

(क) अपने कुटुंब के उपक्रम में इस शर्त के अधीन रहते हुए सहायता कर सकेगा कि ऐसी सहायता–

(एक) अधिनियम की अनुसूची के भाग–क एवं भाग–ख में सूचीबद्ध किसी परिसंकटमय व्यवसाय या प्रक्रिया में नहीं होंगे;

(दो) विनिर्माण, उत्पादन, आपूर्ति या खुदरा श्रृंखला के किसी स्तर पर कोई कार्य या व्यवसाय या प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं होंगे, जो बालक या उसके कुटुंब या कुटुंब के उपक्रम के लिए पारिश्रमिक प्रदान करती हो;

(तीन) उसके कुटुंब या कुटुंब उपक्रम की सहायता करने के लिए वहां अनुज्ञात किया जाएगा, जहां कुटुंब अधिभोगी है;

(चार) वह, विद्यालय समय तथा 7 बजे सायं से 8 बजे प्रातः के बीच कोई कार्य नहीं करेगा ;

(पांच) वह, सहायता के ऐसे कार्य में नियोजित नही होगा, जो बालक के शिक्षा के अधिकार या विद्यालय में उसकी उपस्थिति के साथ हस्तक्षेप करती हो या उसमें बाधा डालती हो या जो प्रतिकूल रूप से उसकी शिक्षा को प्रभावित करती हो, जिसके अंतर्गत ऐसे कार्यकलाप हैं, जिन्हें संपूर्ण शिक्षा से अलग नहीं किया जा सकता है जैसे गृह कार्य या अन्य अतिरिक्त पाठ्यक्रम गतिविधियां, जो उसे विद्यालय में सौंपी गई है ;

(छः) बिना विश्राम के सतत् रूप से किसी कार्य में नियोजित नहीं होगा, जो उसे थका दें तथा उसे उसके स्वास्थ्य और मस्तिष्क को तरोताजा करने के लिए विश्राम अनुज्ञात किया जाएगा और कोई बालक एक दिन में विश्राम की अवधि को सम्मिलित न करते हुए, तीन घंटे से ज्यादा के लिए सहायता नहीं करेगा ;

(सात) किसी बालक का किसी वयस्क या किशोर के स्थान पर उसके कुटुंब या कुटुंब के उपक्रम की सहायता के लिए रखा जाना सम्मिलित नहीं है; और

(आठ) तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के उल्लंघन में नहीं होगी।

(ख) अपने कुटुंब की मदद या सहायता ऐसी रीति में करना, जो किसी व्यवसाय, संकर्म, पेशे, विनिर्माण या कारोबार या किसी संदाय या बालक को फायदे या किसी अन्य व्यक्ति की मदद के लिए, जो बालक पर नियंत्रण रखता है, के लिए है तथा जो बालक की वृद्धि, शिक्षा और समग्र विकास के लिए अवरोधकारी न हो।

स्पष्टीकरण 1.— इस नियम के प्रयोजनों के लिए, केवल—

(क) बालक का सगा भाई और बहन;

(ख) बालक के माता—पिता द्वारा विधिपूर्वक गोद लेने के माध्यम से बालक का भाई या बहन; और

(ग) बालक के माता—पिता का सगा भाई और बहन, को बालक के कुटुंब में सम्मिलित किया जाएगा।

स्पष्टीकरण 2.— (1) स्पष्टीकरण 1 के प्रयोजनों के लिए, एतद्द्वारा, यह स्पष्ट किया जाता है कि प्रारंभतः इस संबंध में कोई संदेह हो कि व्यक्ति सगा भाई या बहन है या नहीं, को यथास्थिति, संबंधित नगरपालिका या पंचायत द्वारा जारी ऐसे व्यक्ति की वंशावली या समुचित सरकार के संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी किसी अन्य विधिक दस्तावेज की जांच करके दूर किया जा सकेगा।

(2) जहां विद्यालय में शिक्षा प्राप्त कर रहा कोई बालक, विद्यालय के प्राचार्य या प्रधान पाठक को, बिना किसी संसूचना के, लगातार तीस दिन के लिए अनुपस्थित रहता है, तो प्राचार्य या प्रधान पाठक ऐसी अनुपस्थिति की संसूचना, नियम 17 (ग) के उप—नियम (1) के खण्ड (एक) में निर्दिष्ट संबंधित नोडल अधिकारी को सूचनार्थ देगा।

2इ. **बालक का कलाकार के रूप में कार्य करना.**— (1) अधिनियम की धारा 3 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, बालक को निम्नलिखित शर्तों के अधीन, कलाकार के रूप में कार्य करने के लिए अनुज्ञात किया जा सकेगा, अर्थात् :—

(क) किसी बालक को एक दिन में पांच घण्टे से ज्यादा कार्य करने के लिए और बिना किसी विश्राम के, तीन घंटो के अनधिक के लिए कार्य करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा;

(ख) किसी श्रव्य—दृश्य कार्यक्रम या किसी वाणिज्यिक समारोह, जिसमें बालक की भागीदारी अंतर्वलित है, का निर्माता बालक की सहभागिता को उस जिले के जिला मजिस्ट्रेट से, जिसमें उस कार्यकलाप को किया जाना है, अनुज्ञा प्राप्त करने के पश्चात् ही सम्मिलित करेगा और जिला मजिस्ट्रेट को कार्यक्रम को आरंभ करने से पूर्व प्ररूप—स में एक बचनबंध तथा बालक सहभागियों, यथास्थिति, माता—पिता या संरक्षक की सहमति, प्रोडक्शन या समारोह से व्यष्टिक का नाम, जो बालक की

सुरक्षा और संरक्षा के लिए उत्तरदायी हैं, की सूची प्रस्तुत करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि उसकी फिल्म और दूरदर्शन कार्यक्रमों की स्क्रीनिंग, इस डिस्क्लेमर को विनिर्दिष्ट करते हुए की जाएगी कि यदि किसी बालक को शूटिंग में नियोजित किया गया है, तो यह सुनिश्चित करने के लिए कि शूटिंग की समस्त प्रक्रिया के दौरान बालक का दुरूपयोग, अनदेखी या उत्पीड़न न हो, के लिए सभी उपाय किए गए है;

(ग) खंड (ख) में निर्दिष्ट वचनबंध छः मास के लिए विधिमान्य होगा और उसमें ऐसे प्रयोजन के लिए समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों तथा संरक्षण नीतियों के अनुसार बालक की शिक्षा, सुरक्षा, संरक्षा तथा बाल शोषण की रिपोर्ट करने के लिए उपबंधों का स्पष्ट कथन होगा, जिसके अंतर्गत–

(एक) बालक के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए सुविधाओं का विनिश्चय;

(दो) बालक के लिए समयबद्ध पोषक आहार;

(तीन) दैनिक आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त आपूर्ति के साथ सुरक्षित, स्वच्छ आश्रय; और

(चार) बालकों के संरक्षण के लिए तत्समय प्रवृत्त सभी लागू विधियों का अनुपालन, जिसके अंतर्गत उनकी शिक्षा, देखरेख और संरक्षण तथा यौन अपराधों से सुरक्षा के लिए अधिकार है।

(घ) बालक की शिक्षा के लिए समुचित सुविधाओं का प्रबंध किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विद्यालय में, पाठों की निरंतरता बनी रहे और किसी बालक को 27 दिन से अधिक के लिए लगातार कार्य करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जायेगा;

(ङ) समारोह या कार्यक्रम के लिए अधिकतम 10 बालकों के लिए दो उत्तरदायी व्यक्ति की नियुक्ति की जाएगी, जिसमें से बालिका होने की स्थिति में, एक महिला उत्तरदायी होगी, ताकि बालक की सुरक्षा, देखरेख और उसके सर्वोत्तम हित का सुनिश्चय किया जा सके;

(च) बालक द्वारा कार्यक्रम या समारोह से अर्जित आय के कम से कम बीस प्रतिशत राशि कार्यक्रम आयोजक द्वारा सीधे किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में बालक के नाम से नियत जमा खाते में जमा किया जाएगा, जिसको बालक के वयस्क होने पर बालक को प्रत्यय किया जा सकेगा; और

(छ) किसी बालक को उसकी इच्छा और सहमति के विरूद्ध किसी श्रव्य–दृश्य और क्रीड़ा कार्यकलाप, जिसके अंतर्गत अनौपचारिक मनोरंजन कार्यकलाप भी हैं, में भाग लेने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा।

(2) अधिनियम की धारा 3 की उप–धारा (2) के स्पष्टीकरण के खंड (ग) के प्रयोजनों के लिए, उसमें अंतर्विष्ट शब्द ''अन्य ऐसा कार्यकलाप'' से निम्नलिखित अभिप्रेत होगा–

(एक) कोई कार्यकलाप, जिसमें बालक किसी खेल प्रतिस्पर्धा या समारोह या ऐसी खेल प्रतिस्पर्धा या समारोह के लिए प्रशिक्षण में भाग ले रहा है ;

(दो) दूरदर्शन पर सिनेमा और डॉक्यूमेंटरी प्रदर्शन, जिसके अंतर्गत रियल्टी शो, क्वीज शो, टेलेंट शो, रेडियो या कोई कार्यक्रम या कोई अन्य माध्यम है ;

(तीन) नाटक सीरियल ;

(चार) किसी कार्यक्रम या समारोह मे एंकर के रूप में भागीदारी; और

(पांच) कोई अन्य कलात्मक अभिनय, जिसे राज्य सरकार संवैतिक मामलों में अनुज्ञात करे, जिसके अंतर्गत धनीय फायदे के लिए स्ट्रीट प्रदर्शन सम्मिलित नहीं है।''

4. नियम 3 के उप–नियम (1) में, शब्द ''बालक'' के स्थान पर, शब्द ''किशोर'' प्रतिस्थापित किया जाए।

5. नियम 3 के उप नियम (2) के पश्चात्, निम्नलिखित नियम जोड़ा जाए, अर्थात् :–

''**(3) कार्य के घंटे.**– अधिनियम की धारा 7 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, किसी किशोर से किसी

स्थापना में उतने घंटों से अधिक कार्य करने की अपेक्षा नहीं होगी या अनुज्ञात नहीं किया जाएगा, जितने की ऐसे स्थापना में किशोर के कार्य के घंटों को विनियमित करने के लिए तत्समय प्रवृत्त विधि के अधीन अनुज्ञेय है।''

(4) अधिनियम की धारा 13 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुये, किशोर के किसी स्थापना में नियोजन की स्थिति में, किशोर के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के संबंध में निरीक्षक द्वारा दिये गये निर्देश बंधनकारी होंगे।

(5) बालक या किशोर को बालक और किशोर श्रम पुनर्वास निधि से रकम का संदाय. (1) अधिनियम की धारा 14ख की उप–धारा (3) के अधीन, बालक और किशोर श्रम पुनर्वास निधि में, यथास्थिति, प्रत्यय, जमा या विनिधान की गई राशि और उस पर उदभूत ब्याज का, उस बालक या किशोर को निम्नलिखित रीति में संदाय किया जाएगा, जिसके पक्ष में ऐसे रकम का प्रत्यय किया गया है, अर्थात्:–

(एक) अधिकारिता रखने वाला निरीक्षक या नोडल अधिकारी, अपने पर्यवेक्षण के अधीन सुनिश्चित करेगा कि ऐसे बालक या किशोर का एक खाता किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में खोला जाए और, यथास्थिति, उस बैंक को, जिसमें निधि की रकम को जमा किया गया है या अधिनियम की धारा 14ख की उप–धारा (3) के अधीन निधि में रकम को जमा करने के लिए उत्तरदायी अधिकारी को संसूचित करेगा;

(दो) बालक या किशोर के पक्ष में निधि में समानुपाती रकम पर उदभूत ब्याज को अर्ध–वार्षिक रूप से यथास्थिति, बालक या किशोर के खाते में बैंक द्वारा या रकम का विनिधान करने के लिए उत्तरदायी अधिकारी निरीक्षक को सूचना देकर अंतरित किया जाएगा;

(तीन) बालक या किशोर के राष्ट्रीयकृत बैंक के खाते में अर्द्धवार्षिक जमा ब्याज राशि का उपयोग बालक या किशोर की शिक्षा और कौशल उन्नयन में, उत्तरदायी व्यक्ति द्वारा या महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बैंक एवं राशि आबंटन हेतु गठित बाल संरक्षण समिति द्वारा निरीक्षक को सूचना के अधीन उपयोजित किया जायेगा;

(चार) जब संबद्ध बालक या किशोर अठारह वर्ष की आयु पूरी कर लेता है तब यथा संभव शीघ्र तुरन्त या तीन मास की अवधि के भीतर, बालक के पक्ष में उस पर उद्भूत ब्याज, जिसमें बैंक में शेष ब्याज या अधिनियम की धारा 14ख की उप–धारा (3) के अधीन इस प्रकार विनिधान किया गया शेष भी है, के साथ जमा की गई, निक्षेप की गई या विनिधान की गई कुल रकम, यथास्थिति, बालक या किशोर के उक्त बैंक खाते में अन्तरित की जाएगी ; और

(पांच) निरीक्षक, संबद्ध बालक या किशोर की विशिष्टियों, जो उसकी पहचान करने के लिए पर्याप्त हैं, के साथ खंड (दो) और खंड (चार) के अधीन अन्तरित रकम की एक रिपार्ट तैयार करेगा तथा राज्य सरकार को वार्षिक रूप से रिपोर्ट की एक प्रति सूचनार्थ भेजेगा।

(2) अधिनियम के उपबंधों के उल्लंघन के लिए, बालक या किशोर के पक्ष में न्यायालय के आदेश या निर्णय के अनुसरण में जुर्माने के माध्यम से या अपराधों के शमन के लिए वसूल की गई कोई रकम भी, निधि में जमा की जाएगी और ऐसे आदेश या निर्णय के अनुसार व्यय की जाएगी।''

6. नियम 4 के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात् :–

''4 आयु का प्रमाणपत्र.– (1) जहां निरीक्षक को यह आशंका है कि किसी किशोर को किसी ऐसे व्यवसाय या प्रसंस्करणों में नियोजित किया गया है, जिनमें उसे अधिनियम की धारा 3क के अधीन नियोजित किया जाना प्रतिषिद्ध है, वहां वह, ऐसे किशोर के नियोजक से यह अपेक्षा कर सकेगा कि वह समुचित चिकित्सा प्राधिकारी से आयु का प्रमाणपत्र निरीक्षक को प्रस्तुत करे।

(2) समुचित चिकित्सा प्राधिकारी, उप–धारा (1) के अधीन आयु का प्रमाणपत्र जारी करने के लिए किशोर की परीक्षा करते समयः–

(एक) किशोर का आधार कार्ड तथा इसके अभाव में;

(दो) विद्यालय से जारी जन्म की तारीख का प्रमाणपत्र या किशोर के संबद्ध परीक्षा बोर्ड से जारी मैट्रिकुलेशन या समतुल्य प्रमाणपत्र, यदि उपलब्ध हो और उसके अभाव में ;

(तीन) निगम या नगरपालिक प्राधिकारी या पंचायत द्वारा दिए गए किशोर के जन्म प्रमाण पत्र पर विचार करेगा और खंड (एक) से खंड (तीन) में विनिर्दिष्ट किन्हीं पद्धतियों के अभाव में ही, अस्थि विकास परीक्षण या किसी अन्य नवीनतम चिकित्सीय आयु अवधारण परीक्षण के माध्यम से ऐसे चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा आयु अवधारित की जाएगी।

(3) अस्थि विकास परीक्षण या कोई अन्य नवीनतम चिकित्सीय आयु अवधारण परीक्षण श्रम अधिकारी की श्रेणी के समुचित प्राधिकारी, जो राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट किया जाए, के आदेश पर संचालित किया जाएगा और ऐसा अवधारण, ऐसे आदेश की तारीख से पन्द्रह दिन के भीतर पूरा किया जाएगा।

(4) उप–नियम (1) में निर्दिष्ट आयु प्रमाणपत्र प्ररूप–ब में जारी किया जाएगा।

(5) बालक तथा किशोर की आयु का प्रमाणन, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 (2016 का सं. 2) के प्रावधानों के अनुरूप किया जाएगा एवं इस संबंध में जिला बाल संरक्षण समिति को निर्णय का अधिकार होगा।

(6) आयु प्रमाणपत्र के जारी किये जाने के लिए चिकित्सा प्राधिकारी को संदेय प्रभार वही होंगे, जो यथास्थिति, केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा उनके चिकित्सा बोर्ड के लिए विनिर्दिष्ट किये जायें।

(7) चिकित्सा प्राधिकारी को संदेय प्रभार, उस बालक तथा किशोर के नियोजक द्वारा वहन किये जायेंगे, जिसकी आयु इस नियम के अधीन अवधारित की जाती है।

स्पष्टीकरण :– इस नियम के प्रयोजन के लिए,–

(एक) ''चिकित्सा प्राधिकारी'' से अभिप्रेत है ऐसा कोई सरकारी चिकित्सक, जो किसी जिले के सहायक शल्य चिकित्सक की श्रेणी से अनिम्न हो या कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय या अस्पतालों में नियोजित समतुल्य श्रेणी का नियमित चिकित्सक;

(दो) ''किशोर'' से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा 2 के खंड (एक) में यथा परिभाषित किशोर ।''

7. नियम 4 के पश्चात्, निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात् :–

''**4क. व्यक्ति, जो परिवाद प्रस्तुत कर सकेंगे.**– किसी अपराध के किए जाने के लिए अधिनियम के अधीन परिवाद प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति में, विद्यालय के अध्यापक एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रतिनिधि, जिला बाल संरक्षण समिति, बाल कल्याण समिति, पंचायत या नगरपालिका सम्मिलित हैं, जो उस दशा में परिवाद प्रस्तुत करने के लिए संवेदनशील होंगे, जब उनके कार्य क्षेत्रों अथवा विद्यालय के छात्रों में से किसी छात्र को, इस अधिनियम के उपबंधों का उल्लंघन करके नियोजित किया जाता है।

4ख. अपराधों का शमन करने की रीति.–

(1) कोई अभियुक्त व्यक्ति,–

(क) जो अधिनियम की धारा 14 की उप–धारा (3) के अधीन पहली बार कोई अपराध करता है; या

(ख) जो माता–पिता या संरक्षक होते हुए, उक्त धारा के अधीन अपराध करता है, अधिनियम की धारा 14घ की उप–धारा (1) के अधीन अपराध का शमन करने की अधिकारिता रखने वाले जिला मजिस्ट्रेट के पास आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा।

(2) जिला मजिस्ट्रेट, उप–नियम (1) के अधीन प्रस्तुत किए गए आवेदन पर, अभियुक्त व्यक्ति और संबद्ध निरीक्षक को सुनने के पश्चात्, प्राप्त आवेदन का निपटान करेगा और यदि आवेदन अनुज्ञात कर दिया जाता है, तो निम्नलिखित के अधीन रहते हुए शमन करने का प्रमाणपत्र जारी करेगा–

(एक) ऐसे प्रमाणपत्र में विनिर्दिष्ट समय के भीतर, ऐसे अपराध के लिए उपबंधित अधिकतम जुर्माने के पचास प्रतिशत की राशि का संदाय; या

(दो) खंड (एक) के अधीन विनिर्दिष्ट शमनकारी रकम के साथ ऐसे अपराध के लिए उपबंधित अधिकतम जुर्माने के पच्चीस प्रतिशत की अतिरिक्त राशि का संदाय, यदि अभियुक्त उक्त खंड के अधीन विनिर्दिष्ट समय के भीतर शमनकारी रकम का संदाय करने में असफल रहता है और ऐसा विलंबित संदाय जिला मजिस्ट्रेट द्वारा यथा विनिर्दिष्ट की जाने वाली अतिरिक्त अवधि, जो उस खंड में विनिर्दिष्ट अवधि से अधिक नहीं होगी, के भीतर किया जाएगा।

(3) शमनकारी रकम, अभियुक्त व्यक्ति द्वारा राज्य सरकार को संदत्त की जाएगी।

(4) यदि अभियुक्त व्यक्ति, उप–नियम (2) के अधीन शमनकारी रकम का संदाय करने में असफल रहता है, तो कार्यवाही, अधिनियम की धारा 14घ की उप–धारा (2) के अधीन विनिर्दिष्ट किए गए अनुसार जारी रहेगी।

4ग. जिला मजिस्ट्रेट के कर्तव्य.– (1) जिला मजिस्ट्रेट :–

(एक) उसके अधीनस्थ ऐसे अधिकारियों को, जैसा कि वह आवश्यक समझे, नोडल अधिकारियों के रूप में विनिर्दिष्ट करेगा, जो अधिनियम की धारा 17क के अधीन राज्य सरकार द्वारा उसको प्रदत्त और अधिरोपित जिला मजिस्ट्रेट की सभी या किन्हीं शक्तियों का प्रयोग करेंगे और सभी या किन्हीं कर्तव्यों का पालन करेंगे।

(दो) नोडल अधिकारी को अधीनस्थ अधिकारी के रूप में उसकी अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के भीतर उसके द्वारा प्रयोग की जाने वाली ऐसी शक्तियों और पालन किए जाने वाले कर्तव्यों, जैसा कि वह समुचित समझे, को समनुदेशित करेगा।

(तीन) निम्नलिखित से मिलकर जिले में गठित किए जाने वाले कार्य बल का अध्यक्ष के रूप में अध्यक्षता करेगा–

(क) उसकी अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के प्रयोजनों के लिए अधिनियम की धारा 17 के अधीन नियुक्त निरीक्षक ;

(ख) उसकी अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के प्रयोजनों के लिए पुलिस अधीक्षक;

(ग) उसकी अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के प्रयोजनों के लिए अपर जिला मजिस्ट्रेट ;

(घ) उसकी अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के प्रयोजनों के लिए खंड (एक) के अधीन निर्दिष्ट नोडल अधिकारी ;

(ङ) उसकी अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के प्रयोजनों के लिए सहायक श्रम आयुक्त, श्रम पदाधिकारी, सहायक संचालक और उप संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा;

(च) उसकी अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के प्रयोजनों के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी;

(छ) दो वर्ष की अवधि के लिए चक्रानुक्रमी आधार पर जिले में नियोजित बालकों के बचाव और पुनर्वास मे अन्तर्वलित प्रत्येक स्वैच्छिक संगठन से दो–दो प्रतिनिधि ;

(ज) जिला दुर्व्यापार निवारण इकाई का सदस्य ;

(झ) जिले की बाल संरक्षण समिति का अध्यक्ष ;

(ञ) महिला और बाल विकास से संबंधित भारत सरकार के मंत्रालय की एकीकृत बाल संरक्षण योजना के अधीन जिला बाल संरक्षण अधिकारी ;

(ट) जिला शिक्षा अधिकारी ;

(ठ) जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नाम निर्दिष्ट किया गया कोई अन्य व्यक्ति;

(ड) खंड (एक) में निर्दिष्ट कोई नोडल अधिकारी कार्य बल का सचिव होगा और अध्यक्ष द्वारा नाम निर्दिष्ट किया जाएगा ;

(ढ़) आदिम जाति कल्याण विभाग का जिला स्तरीय अधिकारी, नगरीय निकाय एवं जिला पंचायत के अधिकारी;

(ण) जिले के उद्योग संघ एवं चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि।

(2) उप–धारा (1) के खंड (तीन) में निर्दिष्ट कार्य बल प्रत्येक मास में कम से कम एक बार बैठक करेगा और उपलब्ध समय, तत्समय प्रवृत्त विधि के अनुसार छापामारी की बिन्दु, योजना की गोपनीयता, समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा जारी बचाव और प्रत्यावर्तन के लिए मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार पीड़ितों और साक्षियों का संरक्षण तथा अंतरिम अनुतोष को ध्यान में रखते हुए बचाव कार्य संचालित करने की व्यापक कार्रवाई योजना बनाएगा और कार्य बल राज्य सरकार द्वारा ऐसे प्रयोजन के लिए सृजित पोर्टल पर ऐसी बैठक के कार्यवृत्त को भी अपलोड कराएगा।

(3) उप–नियम (1) में निर्दिष्ट कर्तव्यों के अलावा, जिला मजिस्ट्रेट नोडल अधिकारियों के माध्यम से सुनिश्चित करेगा कि बालक और किशोर, जो अधिनियम के उपबंधों का उल्लंघन करते हुए नियोजित किए जाते हैं, उन्हें बचाए जा रहे हैं तथा उन्हें–

निम्नलिखित के उपबंधों के अनुसार पुनर्वासित किया जाएगा :–

(एक) किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 (2016 का सं. 2) तथा तद्धीन बनाए गए नियम ;

(दो) बन्धित श्रम पद्धति (उत्सादन) अधिनियम, 1976 (1976 का सं. 19) ;

(तीन) निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 (2009 का सं. 35);

(चार) केन्द्रीय बंधित श्रमिक पुनर्वास सेक्टर स्कीम, 2016 ;

(पांच) कोई राष्ट्रीय बालक श्रम परियोजना ;

(छः) तत्समय प्रवृत्त कोई अन्य विधि योजना, जिसके अधीन ऐसे बालकों या किशोरों को पुनर्वासित किया जाए, और निम्नलिखित के अध्यधीन रहते हुए किया जाएगा :–

(क) सक्षम अधिकारिता के न्यायालय के निर्देश, यदि कोई हो ;

(ख) इस संबंध में समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए बचाव और प्रत्यावर्तन के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत।

4घ. निरीक्षकों के कर्तव्य.– अधिनियम की धारा 17 के अधीन राज्य सरकार द्वारा नियुक्त कोई निरीक्षक, अधिनियम के उपबंधों का अनुपालन सुनिश्चित करने के प्रयोजनों के लिए–

(एक) समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा जारी निरीक्षण के सन्नियमों का अनुपालन करेगा;

(दो) इस अधिनियम के उपबंधों का अनुपालन सुनिश्चित करने के प्रयोजनों के लिए समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा जारी अनुदेशों का अनुपालन करेगा, और

(तीन) अधिनियम के उपबंधों का पालन सुनिश्चित करने के प्रयोजन के लिए उसके द्वारा किए गए निरीक्षण तथा ऐसे प्रयोजनों के लिए उसके द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में राज्य सरकार को तिमाही रिपोर्ट करेगा।

4ङ. आवधिक निरीक्षण और निगरानी करना.– राज्य सरकार अधिनियम की धारा 17 के उपबंधों को कार्यान्वित करने के लिए निगरानी करने तथा निरीक्षण करने हेतु एक प्रणाली सृजित करेगी, जिसमें निम्नलिखित सम्मिलित होंगे :–

(एक) अधिनियम के प्रभावी प्रवर्तन हेतु संबंधित शासकीय एवं गैर–शासकीय अभिकरण के प्रतिनिधियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था, जिला बाल संरक्षण समिति एवं श्रम विभाग द्वारा प्रत्येक छःमाही में जिला स्तर पर की जाएगी;

(दो) उन संस्थानों, जिन पर बालकों के नियोजन प्रतिषिद्ध हैं और परिसंकटमय व्यवसायों या प्रसंस्करण किए जाते है, के निरीक्षक द्वारा संचालन किए जाने वाले आवधिक निरीक्षण की संख्या ;

(तीन) ऐसे अन्तरालों, जिन पर निरीक्षक राज्य सरकार को खंड (दो) अधीन निरीक्षण की विषय–वस्तु से संबंधित उसको प्राप्त हुई शिकायतों तथा तत्पश्चात् उसके द्वारा की गई कार्रवाई के ब्यौरों की रिपोर्ट करेगा ;

(चार) निम्नलिखित का इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा अभिलेख का रखा जाना :–

(क) अधिनियम के उपबंधों के उल्लंघन में कार्य करते हुए पाए गए बालक और किशोर, जिसमें ऐसे बालक भी शामिल हैं, जो इस अधिनियम के उल्लंघन में कुटुंब या कुटुंब उद्यमों में लगे हुए पाए जाते हैं ;

(ख) शमन किए गए अपराधों की संख्या और ब्यौरे ;

(ग) अधिरोपित और वसूल की गई शमनकारी रकम के ब्यौरे; और

(घ) अधिनियम के अधीन बालकों और किशोरों को प्रदान की गई पुनर्वास सेवाओं के ब्यौरे।''

8. प्ररूप–अ के कॉलम 2 के शीर्षक में, शब्द ''बालक का नाम'' के स्थान पर, शब्द ''किशोर का नाम'' प्रतिस्थापित किया जाए।

9. प्ररूप–ब में, शब्द ''अंगूठा निशानी/हस्ताक्षर बालक का पदनाम'' के स्थान पर, ''बालक/किशोर की अंगूठा निशानी/ हस्ताक्षर'' प्रतिस्थापित किया जाए।

10. प्ररूप–ब के पश्चात्, निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात् ;

''प्ररूप–स
{नियम 2 इ(1)(ख) देखिए)}

छत्तीसगढ़ बालक और किशोर श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) नियम, 1993
के नियम 2 इ(1)(ख) के अधीन वचनबंध)

मैं ..... वाणिज्यिक आयोजन ..... का श्रव्य दृव्य मीडिया प्रस्तुतीकरण या आयोजन ..... का आयोजक/नियोजक हूँ, जिसमें निम्नलिखित बालक भाग ले रहे हैं, अर्थात् :–

सं. क्र.	बालक/बालकों के नाम	माता–पिता/संरक्षक का नाम	• पता

एतद्द्वारा यह वचन देता हूँ कि ..... आयोजन (आयोजन को विनिर्दिष्ट करें) में ऊपर उल्लिखित बालकों के शामिल होने के दौरान, बालक और किशोर श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 (1986 का सं. 61) और छत्तीसगढ़ बालक और किशोर श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) नियम, 1993 के किसी उपबंध का उल्लंघन नहीं होगा और बालकों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य तथा अन्य अपेक्षाओं का पूरा ध्यान रखा जाएगा, ताकि उसे/उन्हें कोई असुविधा न हो।

नियोक्ता का नाम	कुल राशि	बैंक खाते में जमा किये जाने योग्य राशि (कुल राशि का 20%)

मैं यह भी वचन देता हूं कि आयोजन के दौरान बालकों के संरक्षण, जिसके अंतर्गत उनके शिक्षा के अधिकार, देखभाल और संरक्षण तथा लैंगिक अपराधों के विरूद्ध विधिक उपबंध भी है, के लिए तत्समय प्रवृत्त लागू सभी विधियों का अनुपालन किया जाएगा एवं आयोजन हेतु देय पारिश्रमिक की न्यूनतम 20 प्रतिशत राशि बालक के बैंक खाते में मेरे द्वारा जमा की जाएगी।
तारीख .....

आयोजक/नियोजक
का नाम और हस्ताक्षर''

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आशुतोष पाण्डेय, उप–सचिव.

अटल नगर, दिनांक 10 जून 2022

क्रमांक एफ 10–4/2020/16. – भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्र. एफ 10–4/2020/16, दिनांक 10–6–2022 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल महोदय के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आशुतोष पाण्डेय, उप–सचिव.

Atal Nagar, the 10th June 2022

NOTIFICATION

Serial No. F 10-4/2020/16. – In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 18 of the Child and Adolescent Labour (Prohibition and Regulation) Act, 1986 (No. 61 of 1986), the State Government, hereby, makes the following further amendment in the Chhattisgarh Child Labour (Prohibition and Regulation) Rules, 1993, namely :-

AMENDMENT

In the said rules, -

1. In sub-rule (1) of rule 1, for the words “Child Labour”, the words “Child and Adolescent Labour" shall be substituted.

2. In rule 2,-

(i) for clause (a), the following shall be substituted, namely:-

“(a) "Act" means the Child and Adolescent Labour (Prohibition and Regulation) Act, 1986 (No. 61 of 1986);”

(ii) after clause (b), the following shall be inserted, namely:-

“(ba) "Fund" means the Child and Adolescent Rehabilitation Fund constituted under sub-section (1) of Section 14B of the Act;”

(bb) "Inspector" means the Inspector appointed by the State Government under Section 17 of the Act;

(bc) "Municipalities" means an institution of self-Government constituted under Article 243Q of the Constitution;”

(bd) "Panchayat" means the Panchayats constituted under Article 243B of the Constitution;

(be) "Child Welfare Committee" shall mean the Committee constituted under Section 27 of the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015 (No. 2 of 2016) and the “Committee on Child Protection” means the Committees constituted under the Integrated Child Protection Scheme;”

(iii) after clause (e), the following shall be inserted, namely:-

“(ea) The words and expressions used in these rules, which are not defined therein and defined in the Act, shall have the same meanings as assigned to them in the Act.”

(iv) clause (f), shall be omitted.

3. After rule 2, the following shall be added, namely :-

“2A. Awareness on prohibition of employment of child and adolescents in contravention to Act.- The State Government to ensure that the children and adolescents are not employed or permitted to work in any occupation or process in contravention to the provisions of the Act, through appropriate measures, shall -

(a) arrange public awareness campaigns using folk and traditional media and mass media including television, radio, internet based application and the print media to make the general public, including the employers and the children and adolescents who may be employed in contravention to the provisions of the Act, aware about the provisions of the Act, and thereby discourage employers or other persons from engaging children and adolescents in any occupation or process in contravention of the provisions of the Act;

